**NEWS CLIPPING: 21.11.2019**

**THE TRIBUNE**

# DISCUSSION ON ECO DEGRADATION

**Faridabad:** Pollution is something that most people in the NCR region confront on a daily basis. To bring tangible and effective environment consciousness, JC Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad, in collaboration with the Faridabad chapter of Haryana Environment Protection Foundation (HEPF) organised a panel discussion on 'Environmental Degradation and Measures for its Protection' here recently. The session was attended by students and faculty members of the university and other educational institutions.

The Tribune Thu, 21 November 2019 https://epaper.tribun

**NEWS CLIPPING: 21.11.2019**

## NAVBHARAT TIMES

# 300 छात्राओं ने कराई एनीमिया की जांच



■ **एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद** : जेसी बोस (वाईएमसीए) यूनिवर्सिटी में भारत विकास परिषद व वैश्य समाज समिति के सहयोग से स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें छात्राओं में एनीमिया व त्वचा संबंधी रोगों की जांच की गई। यूनिवर्सिटी की लगभग 300 छात्राओं ने शिविर के दौरान अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। शिविर का उद्घाटन यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रफेसर दिनेश कुमार ने किया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एस.के.एस. गर्ग, भारत विकास परिषद व वैश्य समाज समिति के पदाधिकारी भी उपस्थित थे। शिविर का आयोजन डिप्टी डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. सोनिया बंसल व महिला कल्याण प्रकोष्ठ की अध्यक्ष डॉ. अंजू गुप्ता की देखरेख में किया गया।

**NEWS CLIPPING: 21.11.2019**

**PUNJAB KESARI**

# 300 से ज्यादा छात्राओं ने उठाया शिविर में लाभ

## छात्राओं की एनीमिया और त्वचा सबंधी रोगों की जांच के लिए शिविर का आयोजन

फरीदाबाद, 20 नवम्बर (ब्यूरो): जेसी बोस विश्वविद्यालय विज्ञान और प्रौद्योगिकी, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा आज भारत विकास परिषद (बीवीपी), फरीदाबाद और वैश्य समाज समिति (वीएसएस) फरीदाबाद के सहयोग से आज छात्राओं के लिए एनीमिया और त्वचा सबंधी रोगों की जांच के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। शिविर का संचालन डीन स्टूडेंट वेलफेयर एंड वूमेन वेलफेयर सेल द्वारा किया गया। शिविर में 300 से अधिक छात्राओं तथा संकाय सदस्यों ने मुफ्त स्वास्थ्य जांच सुविधा का लाभ उठाया। शिविर का उद्घाटन कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने किया और स्वास्थ्य मुद्दों पर विद्यार्थियों में जागरूकता लाने के लिए आयोजकों द्वारा की जा रही पहल की सराहना की। कुलपति ने कहा कि आयरन की कमी से होने वाला एनीमिया कुपोषण महिलाओं में होने वाली एक आम स्वास्थ्य समस्या है जो कई बीमारियों का प्रमुख कारण है और इसके प्रति जागरूकता जरूरी है। उन्होंने एनीमिया को दूर करने के लिए नियमित रूप से संतुलित पोषक आहार का सेवन करने की आवश्यकता पर बल दिया। कुलपति ने संबंधित अधिकारियों से कहा कि वे छात्रावास में रहने वाली छात्राओं के लिए पोषक तत्वों से भरपूर आहार योजना तैयार करें और सुनिश्चित करें कि उन्हें हर दिन पर्याप्त आयरन और संतुलित आहार मिले। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एस. के. एस गर्ग, भारत विकास परिषद और वैश्य समाज समिति के पदाधिकारी भी उपस्थित थे। शिविर का समन्वय डिप्टी डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. सोनिया बंसल और महिला कल्याण प्रकोष्ठ की अध्यक्षा डॉ. अंजू गुप्ता द्वारा किया गया। विद्यार्थियों के हित में विश्वविद्यालय में विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के आयोजन में प्रोत्साहन के लिए डॉ. बंसल ने कुलपति प्रो. दिनेश कुमार का आभार जताया। उन्होंने बताया कि विद्यार्थी कल्याण विभाग भविष्य में आगे भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करेगा।

पंजाब केसरी ई-पेपर
Thu, 21 November 2019
https://epaper.punjabkesari.in/c/45995953

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 21.11.2019**

**HINDUSTAN**

# छात्राओं के खून की जांच हुई

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विश्वविद्यालय विज्ञान और प्रौद्योगिकी (वाईएमसीए), भारत विकास परिषद (बीवीपी) और वैश्य समाज समिति (वीएसएस) के सहयोग से बुधवार को छात्राओं में खून की कमी (एनीमिया) और त्वचा रोगों की जांच के लिए मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। इसमें करीब 300 से अधिक छात्राओं तथा संकाय सदस्यों की मुफ्त स्वास्थ्य जांच की गई।

इसका शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने किया। महिलाओं में खून की कमी एक आम समस्या है। इससे उनमें अन्य कई बीमारियां घर करने लगती है। इसे संतुलित आहार लेकर दूर किया जा सकता है। इस मौके पर डिप्टी डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ.सोनिया बंसल आदि मौजूद रही।

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.ymcaust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 21.11.2019**

**AMAR UJALA**

**स्वास्थ्य शिविर में की छात्रों की जांच:**

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विवि में भारत विकास परिषद और वैश्य समाज समिति (वीएसएस) के सहयोग से छात्राओं के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें खून की कमी और त्वचा संबंधी रोगों की जांच की गई। ब्यूरो

**NEWS CLIPPING: 21.11.2019**

**AMAR UJALA**

# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर प्रतियोगिताएं आयोजित

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। यह दिन देश के प्रसिद्ध वैज्ञानिक सर सीवी रमन की स्मृति और रमन प्रभाव के रूप में विज्ञान के क्षेत्र में उनके योगदान के रूप में मनाया जाता है।

इस अवसर पर अपने संदेश में कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे वैज्ञानिक सीवी रमन के जीवन व विज्ञान के क्षेत्र में उनके योगदान को जाने और इससे प्रेरणा लें। इस उपलक्ष्य में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में यूजी व पीजी स्तर पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन व पोस्टर प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता आयोजित की गई। यूजी स्तर पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में निवेदिता, प्रेरणा और पायल विजेता रहीं। दूसरा पुरस्कार साहिल, उज्ज्वल व ब्रिजेश को मिला। इसके अलावा उज्ज्वल, सिमरनजीत व दीपक तीसरे स्थान पर रहे। पीजी स्तर पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में हिमांशी ओझा, पल्लवी नेगी व सरोजनी घोष ने पहला पुरस्कार जीता। दूसरे स्थान पर कंचन, अमन व धर्मेंद्र रहे। ब्यूरो


J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.ymcaust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 21.11.2019**

**DAINIK BHASKAR**

# यूनिवर्सिटी में 300 से ज्यादा छात्राओं ने स्वास्थ्य जांच कराई



**फरीदाबाद।** स्वास्थ्य जांच शिविर में हिस्सा लेती हुईं छात्राएं।

**भास्कर न्यूज** | फरीदाबाद

जेसी बोस यूनिवर्सिटी में बुधवार को भारत विकास परिषद और वैश्य समाज समिति के सहयोग से छात्राओं के लिए एनीमिया और त्वचा संबंधी रोगों की जांच के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। इसमें 300 से अधिक छात्राओं व संकाय सदस्यों की मुफ्त जांच की गई। शिविर का उद्घाटन कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने किया। उन्होंने कहा आयरन की कमी से होने वाला एनीमिया कुपोषण महिलाओं में होने वाली एक आम स्वास्थ्य समस्या है जो कई बीमारियों का प्रमुख कारण है और इसके प्रति जागरूकता जरूरी है।